DB Bihar 26-04.pdf



# रेरा ने बिल्डरों के लिए कार्यशाला आयोजित की

पटना| भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा), बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने प्रमोटरों से अपनी निबंधित परियोजनाओं से सभी संबधित अनुपालनों को सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। आयोजित कार्यशाला में उन्होंने कहा कि प्राधिकरण प्रमोटरों को, खासकर वैसे प्रमोटरों को जो इस क्षेत्र में नए हैं, सही मार्गदर्शन देने के लिए तत्पर है। इससे परियोजनाएं समय पर पूरी हों एवं घर या प्लॉट खरीदारों के हितों की रक्षा हो सकेगी।